



रक्त की तरस्करी करने वाले दो गिरफ्तार

अपराध संवाददाता

गोरखपुर, ४ नवम्बर। रामगढ़ाल पुलिस और जनपद की औषधि विभाग की टीम ने मंगलवार को रामगढ़ताल क्षेत्र के भगत चौराहा और एलआईसी कार्यालय के समीप घेराबंदी करके एक वाहन से १०० यूनिट अवैध ब्लड बरामद किया। पुलिस के अनुसार उक्त ब्लड मुरादाबाद से गोरखपुर किसी ब्लड बैंक में सप्लाई करने के लिए लाया गया था। जिसकी सूचना एसएसपी को मिली थी, एसएसपी के निर्देश पर पुलिस और औषधि विभाग की टीम ने उक्त कार्रवाई की। मामले में दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बुधवार को ब्लड तस्करी का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि एसएसपी डॉ० कौस्तुभ को अन्तर्राज्यीय ब्लड तस्करी गिरोह की लगातार सूचना मिल रही थी। जरिये मुखबिर मिली सूचना पर मंगलवार एसएसपी के निर्देश पर एसआई अमित चौबे और औषधि निरीक्षक श्रीध्वजेश्वर शुक्ला की टीम ने वाहनों की जांच पड़ताल शुरु कर दिया। इस दौरान टीम ने सफेद रंग की एक आल्टो कार को रोक करके उसकी तलाशी ली, जिसमें गाड़ी के पीछली सीट डिब्बे में रखा ४० और गाड़ी की डिक्की में थर्माकोल के डिब्बे में रखा ६० यूनिट ब्लड बरामद हुआ। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से हुई पूछताछ में जानकारी मिली कि यह मुरादाबाद में किसी चौरिटेबल ब्लड बैंक से कम दाम में ब्लड खरीदकर उसे आवश्यकता अनुसार ऊंचेदाम पर अन्य ब्लड बैंकों को उपलब्ध कराते हैं। बहरहाल पुलिस ने गाड़ी सहित ब्लड को जब्त कर लिया और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेजा है।



❖ औषधि विभाग और रामगढ़ताल पुलिस की कार्रवाई में १०० यूनिट अवैध रक्त बरामद

राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में निकली भाजपानीत गठबंधन की पदयात्रा

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, ४ नवम्बर। शिक्षक एम.एल.सी. चुनाव में भाजपा को अप्रत्याशित रूप से मिले खट्टे मीठे अनुभव के बाद संख्या बल के आधार पर विश्व की एक नम्बर की पार्टी भाजपा ने आज पूर्वांचल के प्रमुख केन्द्र बिन्दु गोरखपुर में स्थित एम.पी. इण्टर कालेज के मैदान में विशाल जनसभा की। जनसभा के बाद "लोकतंत्र बचाओ अराजकता हटाओ" के मुद्दे पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में नितिन नवीन 'ऐतिहासिक पदयात्रा' निकाली यह पद यात्रा एम.पी. इण्टर कालेज से प्रारम्भ होकर गोलघर स्थिमत काली मंदिर के निकट स्थिति सरदार बल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा के पास पहुंचकर समाप्त हो गयी। पदयात्रा में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी समेत एन.डी.ए. के सहयोगी दल के नेता भी शामिल हुए। वर्ष 2027 में होनेवाले विस चुनाव के दृष्टिगत भाजपा की जनसभा और पद यात्रा उसमें शामिल लोगों की संख्या के आधार पर सफल रही। पदयात्रा मार्ग पर कुल 'स्वागत प्वाइंट' बनाये गये थे, जहां पर विभिन्न सामाजिक, व्यापारिक, और सास्कृति संगठनों ने पदयात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पदयात्रा में पार्टी के नेता एवं वैसे आज पूरा शहर भी 'भाजपा मय' दिखा। इस आयोजन में भारी भीड़ और उससे हुए जाम से कुछ लोगों को परेशानी भी हुयी। बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष पहली बार गोरखपुर पहुंचने नीतिन नवीन का ऐतिहासिक स्वागत किया गया। गोरखपुर स्थित एयरपोर्ट से सर्किट हाउस तक कुछ छह स्वागत स्थल बनाये गये थे। कार्यक्रम को लेकर भाजपाइयों में उत्साह दिखा। पद यात्रा के समापन के बाद उन्होंने शहर के तारामंडल क्षेत्र में स्थित एनेक्सी भवन में प्रबुद्ध वर्ग के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इसके बाद वह पार्टी की कोर कमेटी की बैठकों के बाद उन्होंने रात्रि विश्राम गोरखपुर में ही किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन पांच नवम्बर को सुबह श्रीगोरक्षनाथ मंदिर जायेंगे तथा वहां विधि-विधान से दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद वह एनेक्सी भवन में पार्टी के पूर्व पदाधिकारियों के साथ पूर्व जनप्रतिनिधियों से अलग रूबरू होंगे तथा उनसे संवाद करेंगे। कार्यक्रम के अंतिम चरण में वह पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद वह नयी दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वैसे भाजपा की जनसभा और पद यात्रा में केन्द्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विकास कमलेश पासवान, राजीद के अध्यक्ष जयंत चौधरी, प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही स्वतंत्र देव सिंह दारासिंह चौहान, ए.के. शर्मा, डा. सजंय निषाद भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री डा. प्रदीप वर्मा, अपना दल विधान मंडल दल के नेता राम निवास वर्मा सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव अरविन्द राजभर आदि उपस्थित रहे।



❖ 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' को बनाया मुद्दा ❖अगामी विस चुनाव के लिए शंखनाद

विष्णु मंदिर में श्रीराम भरत मिलाप देख भावुक हुए श्रद्धालु

गोरखपुर, ४ नवम्बर। विष्णु मंदिर में समापन दिवस पर जनक दुलारी सेवा संस्थान अयोध्या से पधारे कलाकारों द्वारा आज रामलीला में रावण वध, भरत मिलाप और श्रीराम राज्याभिषेक का मंचन हुआ। इंद्रजीत और कुंभकरण के वध के बाद रावण स्वयं युद्ध करने के लिए आता है भगवान श्री राम और रावण में भीषण युद्ध होता है और राम जी रावण का सर बार-बार काटते हैं फिर नए सिर आते हैं विभीषण के कहने पर श्री राम रावण के नाभि में बाण मारते हैं और रावण का इस प्रकार वध होता है। फिर विभीषण की पूरी वानर सेना के साथ पुष्पक विमान से श्रीराम को लेकर अयोध्या आते हैं। मंच पर भरत, शत्रुघ्न तथा समस्त अयोध्यावासी श्रीराम जी की प्रतीक्षा कर रहे होते हैं। जैसे ही भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण के साथ पधारते हैं, भरत भाव-विभोर होकर दौड़कर श्रीराम के गले लग जाते हैं। दोनों भाई एक-दूसरे से लिपटकर इस प्रकार रोते हैं कि पूरा वातावरण भावुक हो जाता है, उपस्थित हजारों भक्तों की आंखों से अश्रुधारा बहने लगती है। भरत की जय, श्रीराम की जय, सीता माता की जय के नारों से पूरा आसमान गूंज उठता है। महर्षि वशिष्ठ साहित्य अन्य ऋषियों द्वारा श्रीराम का राज्याभिषेक वैदिक मंत्रों के बीच होता है। मुख्य यज्ञाचार्य पंडित सुंदर श्याम त्रिपाठी के नेतृत्व में 78 दम्पतियों ने हवन किया। पुराण परायण और अखंड श्री हरि संकीर्तन अनवरत चल रहे है। समिति के अध्यक्ष राधेश्याम श्रीवास्तव ने बताया कि कल सर्वजन हेतु 1 बजे दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता में चुने गए जुबिली के सचिन

गोरखपुर, ४ नवम्बर। पीएम श्री राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के खिलाड़ी सचिन पाल को मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली 70वीं राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। सचिन पाल उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करते नजर आएंगे। इस राष्ट्रीय मंच पर अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी और खेल कौशल का प्रदर्शन कर सचिन राज्य और अपने कॉलेज का नाम रोशन करेंगे। पिछले वर्ष भी उनका चयन राष्ट्रीय स्कूली क्रिकेट प्रतिस्पर्धा के लिए हुआ था। पीएम श्री राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है, जिससे विद्यालय के अन्य युवा खिलाड़ियों और छात्रों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। संयुक्त शिक्षा निदेशक सतीश सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने सचिन की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर नीलम, रामहरि, कुंवर गौरव सिंह, विवेकानंद मिश्रा, हृदयेश व विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक ने शुभकामनाएं दीं।

संसद से सड़क तक जनता भाजपा-एनडीए के साथ-नितिन नवीन

कार्यालय प्रतिनिधि

गोरखपुर, ४ नवंबर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने और अराजकता को हटाने के लिए अब तक निकाली गई 100 से अधिक पदयात्राओं ने स्पष्ट कर दिया है कि जनता संसद से लेकर सड़क तक केवल भाजपा-एनडीए के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने सवाल किया कि क्या कांग्रेस मृत, गायब और घुसपैठियों के सहारे चुनाव लड़ना चाहती है? उन्होंने याद दिलाया कि जब चुनाव आयोग ने ईवीएम पर खुली चुनौती दी थी, तब राहुल गांधी मैदान छोड़कर भाग गए थे। श्री नवीन आज गोरखपुर में 'लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ' अभियान के तहत महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज से लेकर गोलघर कालीमंदिर के सामने स्थित लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा तक निकाली गई पदयात्रा की अगुवाई करने से पहले जनसभा को संबोधित कर रहे थे। बतौर भाजपा अध्यक्ष श्री नवीन का गोरखपुर में पहला कार्यक्रम रहा। जनसभा और पदयात्रा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी सहित कई मंत्री, भाजपा पदाधिकारी और एनडीए के सहयोगी दलों के प्रमुख नेता भी मौजूद रहे। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि देशभर में एनडीए द्वारा निकाली जा रही पदयात्राओं से जनता सीधे जुड़ रही है, जिससे विपक्ष पूरी तरह हताश हो चुका है। विपक्ष रामलीला मैदान में अपने दावे का 10 प्रतिशत जनसमर्थन भी नहीं जुटा सका, जबकि एनडीए आज हर जनपद और कस्बे में ऐतिहासिक पदयात्राएं निकाल रहा है। विपक्ष द्वारा वोटर लिस्ट से 13 करोड़ नाम कटने के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए श्री नवीन ने कहा कि इनमें ढाई करोड़ से अधिक मृतक, छह करोड़ से अधिक स्थानांतरित (शिफ्टेड) और तीन करोड़ से अधिक वे लोग शामिल हैं, जिनका कोई वैध सत्यापन नहीं मिला। क्या कांग्रेस मृत, गायब और घुसपैठियों के सहारे चुनाव लड़ना चाहती है? जब चुनाव आयोग ने ईवीएम पर खुली चुनौती दी थी, तब राहुल गांधी मैदान छोड़कर भाग गए थे। देश की 140 करोड़ जनता का अटूट विश्वास केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूपी की 25 करोड़ जनता का विश्वास मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सेवाभाव एवं पुरुषार्थ पर है।



धर्मशाला में जयघोष के बीच हुआ श्रीराम का राज्याभिषेक

गोरखपर, ४ नवम्बर। प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि द्वारा करने को चरितार्थ करते हुए आचार्य पं॰ सच्चिदानन्द मिश्र ने जब श्रीराम को राज्याभिषेक का तिलक लगाया तो समूचा जनमानस श्रीराम का जयघोष करने लगा। यह दृश्य था धर्मशाला बाजार की रामलीला के अंतर्गत श्रीराम के राज्याभिषेक का। इस क्रम में सबसे पहले श्रीराम माता जानकी के साथ समिति के समस्त पदाधिकारियों ने समस्त देवी देवताओं का आवाह्न कर पूजन व हवन किया तत्पश्चात श्रीराम माता जानकी, लक्ष्मण भरत, शत्रुघ्न तथा हनुमान जी के साथ सिंहासन पर विराजमान हुए जहां पर पं. सच्चिदानन्द मिश्र एवं समिति के अध्यक्ष शिव शंकर दूबे सहित समस्त पदाधिकारियों ने श्रीराम को तिलक लगाया और फूल माला तथा धूप आदि समर्पित कर उनकी आरती उतारी। इसी क्रम में समिति के अध्यक्ष शिव शंकर दूबे द्वारा प्रमुख सहयोगियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारीगण शिवशंकर दूबे, सत्यनारायण प्रसाद गुप्त, शशांक शेखर त्रिपाठी, रवि प्रकाश मिश्र, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राजन चौरसिया, शिवशंकर गुप्ता, विजय तिलक कोरी, दुर्गेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, विनोद दूबे, राकेश गुप्ता, सचिन सोनकर, बृजेश कसौधन, सत्येन्द्र सिंह सहित अन्य श्रद्धालु जन उपस्थित रहें। संचालन व आभार ज्ञापन महामंत्री डॉ.धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

नि:शुल्क साइकिल वितरण आज

गोरखपुर, ४ नवम्बर। भगवती प्रसाद कन्या महाविद्यालय में 5 नवम्बर दिन गुरुवार कैनरा रोबेको म्यूचुअल फंड द्वारा नि:शुल्क साइकिल वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी विशिष्ट अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक सतीश सिंह की उपस्थिति रहेगी। उक्त जानकारी प्रधानाचार्य ने दी।

सुदीर्घ जीवन के लिए बेहद उपयोगी है आयुर्वेद-प्रो. रेड्डी

गोरखपुर, ४ नवम्बर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के अंतर्गत संचालित भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेएस) सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन के तत्वावधान में जराचिकित्सा (वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल) विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'दीर्घायु-2026' का



शुभारंभ बुधवार को हुआ। संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि महायोगी गुरु गोरक्षनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. रामचन्द्र रेड्डी ने आयुर्वेद के दिनचर्या, ऋतुचर्या, आहार-विहार एवं रसायन चिकित्सा संबंधी सिद्धांतों को स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए बेहद उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि विश्व में ऐसी कोई प्रणाली नहीं है जिसमें एक वैद्य को ईश्वर स्वरुप माना गया हो। एक भारत ही है जहां वैद्य को भगवान माना गया है। प्रो. रेड्डी ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति मात्र मानव के लिए ही नहीं है बल्कि पशु आयुर्वेद और वृक्षायुर्वेद के नाम से जीव और वनस्पति जगत के लिए भी है। जिसका वर्णन भारतीय शास्त्रों में वृहद रुप से वर्णन है। राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता सेंट्रल काउंसिल फॉर रिसर्च इन आयुर्वेदिक मेडिसिन (सीसीआरएस) नई दिल्ली के उपमहानिदेशक डॉ. श्रीकांत नारायणम ने आयुर्वेद के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं वैश्विक स्तर पर इसकी प्रासंगिकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि वसुधैव कुटुम्ब की धारणा मात्र भारतीय ज्ञान परंपरा में उल्लिखित है। विश्व के किसी भी अन्य परंपरा ऐसा नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि लोक पुरुष साम्यता के बारे में चरक संहिता में वर्णित है। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी आयुर्वेद के वैज्ञानिक विकास, अनुसंधान तथा स्वस्थ वृद्धावस्था के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। विशिष्ट अतिथि एमपी बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक डॉ. संजय माहेश्वरी ने आरोग्यता के बारे में बताया। उन्होंने दीर्घायु शब्द का विस्तार से वर्णन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमजीयूजी के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. भूपेश कुमार गोयल ने रोगों की रोकथाम, स्वास्थ्य संवर्धन एवं जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए अनुसंधान और चिकित्सा पद्धतियों के समन्वय पर बल दिया। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर से आए आयुर्वेद विशेषज्ञ, चिकित्सक, शिक्षाविद एवं शोधकर्ता सहभागिता कर रहे हैं। सम्मेलन में लगभग 20 औषधि निर्माण एवं औषधि क्षेत्र से जुड़ी कंपनियाँ अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही हैं। इस अवसर पर 700 से अधिक विद्यार्थी, शिक्षक, चिकित्सक एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ प्रदीप राव, चिकित्सा निदेशक डॉ दिनेश कुमार सिंह, शशिकान्त सिंह, डॉ वर्षा, डॉ डी एस अजीथा, डॉ शशिकांत सिंह, डॉ प्रज्ञा सिंह, डॉ नवीन कोडालेडी, आचार्य साध्वी नन्दन सहित संकाय के सभी विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों डीन, प्राचार्य, व चिकित्सक व प्रतिनिधि आदि की उपस्थिति रही।

❖ एमजीयूजी के आयुर्वेद कॉलेज में तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'दीर्घायु-2026' का शुभारंभ

नितिन नवीन ने किया प्रबुद्ध वर्ग से संवाद

गोरखपुर, ४ नवम्बर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज गोरखपुर में समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ सीधा संवाद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय तथा संचालन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार ज्ञापन भाजपा प्रदेश महामंत्री व गोरखपुर क्षेत्रीय प्रभारी अभिजात मिश्रा ने किया। प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश ने जिला.वन माफिया का राज देखा था लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासनकाल में आए दो बड़े बदलावों ने प्रदेश की पूरी तस्वीर बदल दी है। पहला बदलाव यह हुआ है कि सत्ता के गलियारे से अपराधियों का संरक्षण पूरी तरह खत्म हुआ है और दूसरा कार्य करने की संस्कृति में सुधार हुआ है। आज शासन ने आमजन के बीच सुशासन लाकर यह विश्वास जगाया है कि किसी भी अपराधी को अब सत्ता का संरक्षण नहीं मिलेगा। इसी का परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश की पहचान श्वन जिला.वन प्रोडक्ट के रूप में देश.दुनिया में स्थापित हो चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अधिवक्ताओं का कार्यक्षेत्र बढ़ा है और उनके हित के लिए लाभकारी कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें जोड़ने की योजना बनाई जा रही है। श्री नवीन ने डॉक्टरों से कहा कि कार्य के दबाव के बावजूद उनमें संवेदनशीलता और नैतिक कार्य.संस्कृति होनी आवश्यक है। इस अवसर पर बड़ी सं या में चिकित्सा अधिवक्ता व्यवसाय उद्योगपति शामिल रहे।

मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार के मध्य चलेगी विशेष ट्रेन

गोरखपुर, ४ नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों को ध्यान में रखते हुये रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05283/05284 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-मुजफ्फरपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन मुजफ्फरपुर से 21 एवं 28 नवम्बर दिन शनिवार को तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 22 एवं 29 नवम्बर दिन रविवार को 2 फेरों के लिये किया जायेगा। 05283 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 21 एवं 28 नवम्बर दिन शनिवार को मुजफ्फरपुर से 6.30 बजे प्रस्थान कर मोतीपुर से 7.02 बजे, मेहसी से 7.19 बजे, चकिया से 7.30 बजे, पिपरा से 7.40 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 8 बजे, सगौली से 8.27 बजे, बेतिया से 8.52 बजे, नरकटियागंज से 9.35 बजे, हरिनगर से 9.55 बजे, बगहा से 10.27 बजे, गोरखपुर से 15 बजे, बस्ती से 16.03 बजे, गोंडा से 17.35 बजे, लखनऊ से 20.10 बजे, हरदोई से 21.40 बजे, शाहजहांपुर से 22.41 बजे तथा मुरादाबाद से 1.40 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनस 5 बजे पहुँचेगी।

अयोध्याधाम दीपोत्सव की सुरक्षा में जोन पुलिस भी होगी तैनात

गोरखपुर, ४ नवम्बर। अयोध्याधाम में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी दीपोत्सव मनाया जायेगा। इस बार का दीपोत्सव कुछ खास होने वाला है, सूत्रों की माने तो इस बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अयोध्या दीपोत्सव में शामिल हो सकते हैं। प्रधानमंत्री की संभावित उपस्थिति को लेकर प्रदेश पुलिस मुख्यालय पर हलचल है, तो वहीं अयोध्या और आसपास के जिलों से भी पुलिस फोर्स की मांग हुई है,जिसे लेकर संबंधित जनपदों में तैयारी की जा रही है। एडीजी जोन गोरखपुर कार्यालय से मिली जानकारी के अनसुार इस संबंध में २८ अक्टूबर को आदेश जारी किया गया है। जिसमें ५ नवम्बर से ८ नवम्बर तक जोन के ७ जनपदों की पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था के लिए अयोध्या भेजी जायेगी। जानकारी के अनुसार कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने के लिए जोन के बस्ती,संतकबीरनगर, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, गोंडा, बहराइच और श्रावस्ती जनपद के एसपी को निर्देशित किया गया है। आदेश के अनुसार जोन से १५० पुलिस कर्मियों में १० निरीक्षक, २५ उपनिरीक्षक, ५ महिला उपनिरीक्षक, १०० मुख्य आरक्षी व आरक्षी, १० महिला मुख्य आरक्षी व आरक्षी को अयोध्या पुलिस लाइन कार्यालय में अपनी आमद करानी है।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

CIN: L65110TN2014PLC097792 रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टावर्स, 8वीं मंज़िल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई - 600031 **दूरभाष:** +91 44 4564 4000 || **फैक्स:** +91 44 4564 4022

सार्वजनिक सूचना

सोने की दोबारा नीलामी और आमंत्रण सूचना (ऑनलाइन)

नीचे दिए गए कर्जदारों और आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि कर्जदारों ने सोने के गहने गिरवी रखकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड से लोन की सुविधा ली है और बार-बार याद दिलाने और नोटिस देने के बावजूद, कर्जदार इस सुविधा के तहत तय समय में बकाया रकम चुकाने में नाकाम रहा है। नीचे दिए गए लैन को पहले फिजिकल मोड में नीलामी के लिए रखा गया था, जो सफल नहीं हुई। इसलिए, बैंक अपने अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए, 20-**नवंबर**-2026 को गिरवी रखे गए सोने या गहनों की ऑनलाइन मोड में दोबारा नीलामी करेगा ताकि बकाया रकम की रिकवरी हो सके। कर्जदारों को यह बताया जाता है कि नीलामी की तारीख से पहले लागू ब्याज, चार्ज और खर्चों के साथ पूरी बकाया रकम चुकाने का यह आखिरी मौका है, ऐसा न करने पर गिरवी रखे गए सोने के गहने बेच दिए जाएंगे।

ऋण खाता सं.	उधारकर्ता का नाम	शाखा का नाम
176619891	गोविंद साहनी	गोरखपुर शाखा

अगर नीलामी से कोई सरप्लस अमाउंट मिलता है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और अगर नीलामी के बाद कोई डेफिसिट/शॉर्टफॉल होता है, तो बाकी अमाउंट बॉरोअर से सही लीगल प्रोसीडिंग के ज़रिए रिकवर किया जा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना पहले से बताए नीचे दिए गए अकाउंट को नीलामी से हटाने का अधिकार है।

इसके अलावा आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना किसी पहले से सूचना के नीलामी की तारीख बदलने का अधिकार रखता है।

नीलामी 20 नवंबर 2026 को दोपहर 12:00 बजे से 02:00 बजे तक https://idfcegold.auctiontiger.net पर और दोपहर 03:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक http://gold.samil.in पर इसके अप्रूव्ड नीलामी सर्विस प्रोवाइडर्स के ज़रिए ऑनलाइन होगा।

कृपया ध्यान दें कि, अगर कस्टमर की मौत हो गई है, तो नीलामी से जुड़ी सभी शर्तें उनके नॉमिनी/कानूनी वारिस पर लागू होंगी।

दिनांक: 05-11-2026
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता/-
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)

CIN: L65110TN2014PLC097792 रजिस्टर्ड ऑफिस: केआरएम टावर्स, 8वीं मंज़िल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई - 600031 **दूरभाष:** +91 44 4564 4000 || **फैक्स:** +91 44 4564 4022

सार्वजनिक सूचना

सोने की नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि उक्त उधारकर्ताओं ने सोने के गहने गिरवी रखकर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (बैंक) से ऋण सुविधाओं का लाभ उठाया है और बार-बार याद दिलाने और नोटिस के बावजूद, उधारकर्ता सुविधा के तहत निर्धारित समय के भीतर बकाया राशि चुकाने में विफल रहे हैं। तदनुसार, बैंक, अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए, अपने बकाया की वसूली के लिए **08-दिसंबर-2026 से 10-दिसंबर-2026** तक गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी आयोजित करेगा। उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निरीक्षण/बोली तिथि से पहले लागू प्रासंगिक ब्याज, शुल्क और खर्चों के साथ संपूर्ण बकाया राशि चुकाने का यह अंतिम अवसर है, अन्यथा गिरवी रखे गए सोने के आभूषण नियामकों द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुसार नीलामी के माध्यम से बेचे जाएंगे।

ऋण खाता सं.	उधारकर्ता का नाम	शाखा का नाम
180292949	कुमारी नैनीता मिश्रा	पडरौना ग्रामीण

नीलामी के मामले में, अगर इस नीलामी से कोई अधिशेष राशि मिलता है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और अगर नीलामी के बाद कोई घाटा/कमी होती है, तो शेष राशि उधारकर्ता से सही कानूनी कार्रवाई के ज़रिए वसूला जाएगा। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के पास बिना किसी पहले से जानकारी के किसी भी अकाउंट को नीलामी से हटाने का अधिकार है। इसके अलावा, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक बिना कोई पहले से नोटिस दिए, अपनी मर्ज़ी से नीलामी अनुसूची को बाद की तारीख के लिए बदलने या टालने का अधिकार रखता है। नीलामी उसके पैनल नीलामी सेवा प्रदाता मैसर्स **श्रीराम ऑटो मॉल इंडिया लिमिटेड** के ज़रिए सुबह **10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक** भौतिक मोड में होगा। यदि ग्राहक की मौत हो गई है, तो नीलामी से जुड़ी सभी शर्तें उनके नॉमिनी/कानूनी वारिस पर लागू होंगी।

नीलामी बिक्री के नियम और शर्तें:

1) संबंधित सोने के गहनों की बिक्री "जैसा है, जहां है", "जैसा है, जैसा " और "जो कुछ भी है" के आधार पर होगी।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को बैंक के अधिकृत नीलामी सेवा प्रदाता से संपर्क करना होगा और केवाईसी आवश्यकताओं पूरा करना होगा।
3) बोली लगाने वालों की ज़िम्मेदारी होगी कि वे बोली जमा करने से पहले गहनों और विनिर्देश को देखकर खुद को संतुष्ट करें। नीलामी लगाने वाला शाखा प्रबंधक से सलाह करके गहनों को देख सकता है।
4) उच्चतम बोली बैंक के अधिकृत द्वारा पुष्टि के प्रतिनिधि के अधीन होगी।
5) सफल बोली लगाने वाले को तय समय के अंदर पूरी बिक्री की रकम जमा करनी होगी, ऐसा न करने पर पहले से जमा की गई रकम ज़ब्त कर ली जाएगी।
6) एक बार बिक जाने के बाद गोल्ड पाउच किसी भी हालत में सेलर को वापस नहीं किए जा सकते और जीतने वाले बोली लगाने वाले/खरीदार के इसे एक बार विजेता बोलीदाता क्रेता द्वारा इसे भौतिक रूप से सौंप दिया जाता है।
7) बैंक के अधिकृत प्रतिनिधि के पास किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या बिना किसी पूर्व सूचना के या कोई कारण बताए बिना नीलामी को रद्द करने/निरस्त करने/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित है।
8) बिक्री बैंक द्वारा पुष्टि किए जाने के अधीन है।

दिनांक: 05-11-2026
स्थान : उत्तर प्रदेश

हस्ता/-
अधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड

Aadhar Housing Finance Ltd

कार्पोरेट कार्यालय : ऑफिस नं. 501 एवं 503, पाँचवी मंजिल, लाइटब्रिज, साकी विहार रोड, अंधेरी ईस्ट, मुंबई सुबुरबन (जिला), महाराष्ट्र-400072

लखनऊ शाखा: B-2/6, D-2/23, D-2/24 व D-2/25, प्रथम तल, विश्वासशील कॉम्प्लेक्स, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ- 226010, उत्तर प्रदेश

अयोध्या शाखा: 5/17/171, देवकाली रोड, निकट बिग बाजार, ब्लिस रेस्टोरेंट के सामने, फैजाबाद (अयोध्या)- 224001, उ.प्र.

बस्ती शाखा: प्रथम तल, मकान नं. 1323, मोहल्ला पिकौरा शिव गुलाम, निकट कटेश्वर पार्क, गांधी नगर, बस्ती- 272001 उ.प्र.

गोरखपुर शाखा: दुकान नं. 3, 0122उ, दाउदपुर, निकट देवरिया बाईपास, गोरखपुर- 273001 (उत्तर प्रदेश)

सिद्धार्थनगर शाखा: प्रथम तल, मकान नं. 155, अनूप नगर, तेतरी बाज.ार, सिद्धार्थनगर, उत्तर प्रदेश- 272207

महाराजगंज शाखा: गायत्री सदन, द्वितीय तल, शास्त्री नगर, महाराजगंज, उत्तर प्रदेश- 273303

मांग सूचना

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंट्रस्ट एक्ट 2002 के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंट्रेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम 2002 का नियम 3(1) के साथ धारा 13(2) के अंतर्गत सूचना

सिक्यूरिटाईजेशन एंड रिकन्स्टक्शन ऑफ फाईनेन्सियल एस्सेट्स एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्यूरिटी इंटेस्ट एक्ट 2002 (उपरोक्त कानून) के अंतर्गत अधोहस्ताक्षरकर्ता **आधार हाउसिंग फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड (AHFL)** के प्राधिकृत अधिकारी है। उपरोक्त कानून की धारा 13(12) के साथ सपठित सिक्यूरिटी इंटेस्ट (इंफोर्समेंट) एक्ट, 2002 के नियम 3 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्राधिकृत अधिकारी ने धारा 13(2) के अंतर्गत नीचे वर्णित निम्न ऋणकर्ता (ओं) (उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं)) को संबंधित मांग सूचना (ओं) में वर्णित राशि का पूर्णभुगतान करने के लिए बुलाये जाने के लिए जारी की गई थी। उपरोक्त संबंध में एक बार पुन: उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) को पुन: सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिवस के अंदर नीचे वर्णित राशि के साथ नीचे वर्णित दिनांक से भुगतान की दिनांक एवं/या पुर्न प्राप्ति तक लागू मय ब्याज के उपरोक्त ऋणकर्ता (ओं) से किए गए ऋण अनुबंध के साथ अन्य दस्तावेजो/लिखित में यदि कोई हो, के अंतर्गत देय राशि का भुगतान करें। जैसा कि ऋण के पुर्नभुगतान की जमानत के लिए निम्न संपत्ति को उपरोक्त संबंधित ऋणकर्ता (ओं) द्वारा AHFL को गिरवी रखा गया है।

क्रं.	उधारकर्ताओं एवं सह-उधारकर्ता / जमानतदार के नाम	मांग पत्र की दिनांक एवं मांग राशि	प्रतिभूतित आस्तियों का विवरण (अचल संपत्ति/यां)
1	(लोन कोड नं. 07210000665 / अयोध्या शाखा) मोहम्मद हफीज (ऋणी) कमर जहां (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 4,44,116/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, जगदीशपुर तप्पा बनगावा, तल संख्या: भूतल, सर्वे नंबर/खसरा नंबर: गाटा नंबर- 274, परगना- अमोढा, निकट प्रेम नगर मार्केट, जगदीशपुर, बस्ती, उ.प्र. 272130 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - जैतूनिशा का खेत, पश्चिम - रोड 14 फीट चौडा, उत्तर - रुशना बेगम का मकान, दक्षिण - अन्नी देवी पति केशव का मकान
2	(लोन कोड नं. 30910000056 / बस्ती शाखा) निशार अहमद (ऋणी) इशरत जहां (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 13,91,706/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, एक प्लॉट, कुल माप 1580 वर्ग फीट, गाटा नंबर- 192 (1230 वर्ग फीट) व 303 (13353 वर्ग फीट) का भाग, स्थित लोहरौली ठकुराई, परगना- बांसी पूरब, तह. मेहदावल, जिला- संतकबीर नगर, उत्तर प्रदेश **चर्तुसीमाएँ:**-पूर्व - खड.जा रास्ता 2 मीटर से कम चौडा, पश्चिम - बदरुद्दीन का मकान, उत्तर - खरंजा रास्ता 2 मीटर से कम चौडा, दक्षिण - मोहम्मद अयूब का मकान
3	(लोन कोड नं. 07110000661 / गोरखपुर शाखा) वीरूकुमार (ऋणी) सुमन, सोमाई प्रसाद व सरिता देवी (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 21,25,731/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, खाता नं. 00412 अरजी नं. 938, खाता नं. 00413 अरजी नं. 939, फसली वर्ष 1430 से 1435, स्थित मौजा- जंगल बहादुर अली, तप्पा कस्बा, परगना हवेली, तह. सदर, जिला- गोरखपुर उत्तर प्रदेश। **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - शिवकुमारी की भूमि, पश्चिम - आशा देवी की भूमि व मकान दीगर शख्स, उत्तर - रामदुलारे की भूमि, दक्षिण - 15 फीट चौडा रोड
4	(लोन कोड नं. 55810000024 / सिद्धार्थनगर शाखा) लवकुश (ऋणी) सुनीता (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 5,89,464/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, अरजी नंबर- 1882, निकट समय माता मंदिर कटेला शर्की, सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश- 272192 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - 12 फीट चौडा रोड, पश्चिम - 22 फीट चौड.ा रोड, उत्तर - चुलही की भूमि, दक्षिण - निरंकार का मकान
5	(लोन कोड नं. 44710000047 / महराजगंज शाखा) आदित्य चौरसिया (ऋणी) छोटेलाल प्रसाद व दिनेश चौरसिया (सह-ऋणी)	09-10-2026 & ₹ 16,72,503/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, अरजी नंबर- 158 व नई अरजी नंबर- 141 मिन., स्थित जल कल रोड, कुशीनगर, उत्तर प्रदेश- 274802 **चर्तुसीमाएँ:** पूर्व - अशोक जायसवाल का मकान, पश्चिम - उमेश पाठक का मकान, उत्तर - नगर पंचायत का रोड, दक्षिण - दुर्गेश वर्मा का प्लॉट
6	(लोन कोड नं. 00100001669 / लखनऊ शाखा) छठू प्रसाद शर्मा (ऋणी) राज कुमारी (सह-ऋणी)	12-10-2026 & ₹ 8,08,689/-	संपत्ति का शेष एवं संपूर्ण भाग, स्थित मौजा- जंगल नकहा नंबर 2, तप्पा- कस्बा, परगना हवेली, तहसील- सदर, जिला- गोरखपुर, अरजी नंबर 412 मिन., क्षेत्रफल- 1600 वर्ग फीट **चर्तुसीमाएँ:**- पूर्व - विकेता की भूमि, पश्चिम - 15 फीट चौडा रोड, उत्तर - चिरकुट की भूमि, दक्षिण - 20 फीट चौडा रोड

यदि उपरोक्त ऋणकर्ता उपरोक्त राशि का AHFL को भुगतान करने में असफल रहते है तो AHFL उपरोक्त संपत्ति के विरुद्ध कानून की धारा 13(4) एवं लागू नियम के अंतर्गत ऋणकर्ता के पूर्ण जोखिम मूल्य एवं परिणाम पर कार्यवाही करेगी। उपरोक्त ऋणकर्ताओं को कानून के अंतर्गत संपत्ति का विक्रय, किराया या अन्य प्रकार से बिना AHFL के लिखित अनुमति के बिना हस्तांतरित करने पर प्रतिबंधित किया जाता है कोई व्यक्ति जो कि उपरोक्त कानून या नियम में दिए गए प्रावधानों का उल्लंघन या उल्लंघन करने को बढावा देता है उसे उपरोक्त कानून के अंतर्गत प्रदत जुर्माना या /एवं कारावास के लिए दंड दिये जाने के योग्य होगा।

स्थान : उत्तर प्रदेश,
दिनांक : 05.11.2026

सही/- प्राधिकृत अधिकारी
वास्ते - आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड